## एक नजर में

### गणतंत्र दिवस में कलेक्टर फहराएंगे तिरंगा



**सिंगरौली।** गणतंत्र दिवस समारोह प्रति वर्ष की भाति इस वर्ष पूरे होर्षोउल्लास के साथ पूरे जिले में मनाया जायेगा। जिला स्तरीय मुख्य समारोह का आयोजन राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम बैढ़न में आयोजित होगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार जिला स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर गौरव बैनल मुख्य समारोह में ध्वाजा रोहण कर परेड की सलामी लेंगे। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के प्रदेश के जनता के नाम भेजे गये संदेश का वाचन भी करेंगे।

### सुरक्षा जवान भर्ती पीएसएफ का युवा उठाएं लाभ

**सिंगरौली।** जिले के बेरोजगार युवा निर्धारित तिथि में भर्ती स्थल पर उपस्थित होकर रोजगार का सुनहार अवसर प्राप्त कर सकते है। प्राप्त जानकारी अनुसार पीएसफ भर्ती का आयोजन 27 जनवरी को चितरंगी जपं कार्यालय प्रांगण में आयोजित होगी। वही 28 जनवरी को ग्राम पंचायत सरई कार्यालय में, 29 जनवरी को देवसर जपं कार्यालय तथा 30 जनवरी को बगदरा ग्राम पंचायत कार्यालय एवं 31 जनवरी शुक्रवार को ग्राम पंचायत माड़ा कार्यालय भर्ती का आयोजन किया जायेगा।

### राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण आज

**सिंगरौली।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देशानुसार 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कल दिन शुक्रवार को प्रात: 11 बजे शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित कर नेशनल वोटर्स डे की शपथ दिलाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 जनवरी को 16 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाए जाने के संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी भोपाल के निर्देश जारी किए गए हैं।

### कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती समारोह कल



**चितरंगी।** सेन समाज विकास संगठन सिंगरौली के तत्वाधान में दिन शनिवार 24 जनवरी को भारत रत्न पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में चितरंगी, देवसर, बैढ़न से करीब दो सैकड़ा से अधिक लोग उपस्थित होगें। कार्यक्रम का समय 10 बजे से निर्धारित किया गया है। जिला रामानुग्रह वर्मा द्वारा अवगत कराया गया है कि इस कार्यालय में राधा सिंह राज्यमंत्री मुख्य अतिथि के रुप में अपनी उपस्थिति देंगी। जबकि मुख्य वक्ता पूर्व विधायक डॉ. आईएमपी वर्मा विधानसभा क्षेत्र मउगंज, दीपक बन्देवार युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष शामिल होंगे।

# कसर बाजार की सड़क पर कीचड़ एवं धूल बनी है आफत

## कोल वाहनों की मनमानी से हालात बदतर, रोजी-रोटी पर संकट, जल्द मरम्मत की मांग



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली, 22 जनवरी। कसर बाजार की मुख्य सड़क इन दिनों पूरी तरह गड्ढों और कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। सड़क की हालत इतनी जर्जर हो गई है कि यहां से गुजरना तो दूर, दुकान चलाना भी मुश्किल हो गया है। दिन भर धूल और कोयले से भरे कीचड़ के छींटे सीधे व्यापारियों के सामान पर पड़ रहे हैं, जिससे उनके व्यापार पर सीधा असर पड़ रहा है। बाजार के दुकानदारों में इस बदहाल सड़क को लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है।**

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि कोल वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण सड़क की परत पूरी तरह उखड़ चुकी है। भारी वाहनों के दबाव से जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनमें पानी भर जाने से कीचड़ का साम्राज्य फैल गया है। सड़क से उठने वाली धूल और कोयले का गंदा पानी दुकानों तक पहुंच रहा है, जिससे कपड़े, किराना, इलेक्ट्रॉनिक और मेडिकल स्टोर के सामान खराब हो रहे हैं। इससे व्यापारियों को हर दिन आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि सड़क मरम्मत के लिए प्रस्ताव भेजा गया है और जल्द ही काम शुरू कराया जाएगा।

### आज से नहीं वर्षों से है समस्या

कसर कस्बा के व्यापारी आज से नही वर्षो से इस समस्या से जूझ रहे हैं। यहां के व्यापारी बताते हैं कि कोयला का डस्ट घरों एवं दुकानों में भरता है। वहीं सड़क बराबर कीचड़ में तब्दील रहती है। उसका मुख्य कारण निर्माणाधीन नेशनल हाईवे 39 है। नेताओं एवं एमपीआरडीसी अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा कसरवासी भी भुगत रहे हैं। पता नही इस समस्या से निजात मिलेगी, इसका जवाब सांसद, विधायक एवं मंत्री के साथ-साथ एमपीआरडीसी के अधिकारी भी नही दे पा रहे हैं। सब गोलमाल जवाब देकर जनता को भ्रमित कर दे रहे हैं। दुकानदार एवं रहवासियों का यह भी कहना है कि कस्बा में बारिश के दिनों में चलना बहुत कठिन काम है और इन दिनों कीचड़ के साथ-साथ कोयले का डस्ट सराबोर है। वहीं सड़क अतिक्रमण के चपेट में है।

### सड़क में कभी कभार पैदल चलना भी मुश्किल



व्यापारियों ने बताया कि कई बार संबंधित विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन अभी तक केवल आश्वासन ही मिला है। बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं। ग्राहक इस मार्ग से गुजरने से कतराते हैं, जिसके चलते बाजार की रौनक भी फीकी पड़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि यदि जल्द सड़क का निर्माण नहीं कराया गया, तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। बाजार में खरीदारी करने आए लोगों का भी कहना है कि सड़क पर चलना खतरे से खाली नहीं है। दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और पैदल चलने वाले कीचड़ में गिरकर घायल हो रहे हैं। कई बार गड्ढों में फंसे वाहनों से जाम की स्थिति भी बन जाती है। इससे आम लोगों के साथ-साथ स्कूल के बच्चों और मरीजों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

# नायब तहसीलदार से विवाद करना पड़ा भारी, आरोपी पहुंचे जेल

## आरोपी कर रहे थे रेत की चोरी, 24 घंटे में गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 जनवरी। थाना सरई पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने एवं नायब तहसीलदार व अन्य राजस्व अमले से मारपीट, गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देने वाले दो आदतन आरोपियों को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। यह कार्रवाई एसपी मनीष खत्री एवं एएसपी सर्वप्रिय सिन्हा के निर्देशन तथा एसडीओपी देवसर गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन में की गई।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 जनवरी की रात अवैध रेत परिवहन की सूचना पर नायब तहसीलदार सरई अमित कुमार मिश्रा अपने स्टाफ पटवारी विवेक मिश्रा, प्रविंद वैश्य सहित अन्य सहयोगियों के साथ ग्राम घिरौली-गजराबहरा क्षेत्र में जांच के लिए पहुंचे थे। इस दौरान ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 66 ए 0951 में अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए जाने पर राजस्व टीम ने वाहन को जप्त कर लिया। वाहन जप्ती के बाद वापस लौटते समय ग्राम गजराबहरा निवासी धनेश उर्फ दादन गुप्ता उम्र 49 वर्ष एवं विवेक गुप्ता उम्र 25 वर्ष ने रास्ता रोककर ट्रैक्टर छुड़ाने का प्रयास किया। आरोपियों द्वारा राजस्व अमले के साथ छीना-झपटी, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। इस गंभीर घटना की रिपोर्ट पर थाना सरई में बीएनएस की धारा 127(1),121(1), 132, 221, 303(2), 296(बी), 351(3), 3(5), में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने तत्परता दिखाई।

# पत्नी की हत्या का दोष सिद्ध पति को आजीवन कारावास

## देवसर न्यायालय का बड़ा फैसला



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 जनवरी। पत्नी की बेरहमी से हत्या के एक गंभीर मामले में देवसर स्थित तृतीय अपर सत्र न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए आरोपी पति को भादवि की धारा 302 के तहत दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास एवं 5 हजार अर्थदंड से दंडित किया है। यह निर्णय अपर सत्र न्यायाधीश विजय कुमार सोनकर द्वारा 20 जनवरी को सुनाया गया।**

अपर लोक अभियोजक मारकण्डेय मणि त्रिपाठी के अनुसार यह मामला थाना गढ़वा से संबंधित है। उन्होंने बताया कि आरोपी महेश प्रसाद कोल पिता तौलन कोल उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम सैलवार थाना गढ़वा ने 7 नवंबर 2023 को अपनी पत्नी सीमा कोल के साथ घरेलू विवाद के दौरान बेरहमी से मारपीट की। आरोप है कि आरोपी ने लकड़ी के डंडे से सीमा कोल के सीने एवं शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर वार किए, जिससे उसकी हालत नाजुक हो गई। घटना की सूचना मिलने पर परिजन सीमा को उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके पश्चात पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की। विवेचना के दौरान पोस्टमार्टम रिपोर्ट, प्रत्यक्ष व परिस्थितिजन्य साक्ष्य, गवाहों के कथन एवं मेडिकल साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किए गए। अभियोजन ने यह सिद्ध किया कि आरोपी का कृत्य जानबूझकर किया गया था और वह यह जानता था कि इस प्रकार की हिंसा से मृत्यु होना स्वाभाविक है। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट कहा कि अभियुक्त द्वारा की गई मारपीट सामान्य प्रकृति की नहीं थी, बल्कि वह हत्या की श्रेणी में आती है। बचाव पक्ष द्वारा प्रस्तुत तर्कों को न्यायालय ने अस्वीकार करते हुए कहा कि आरोपी कोई ठोस प्रतिरक्षा साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। न्यायालय ने आरोपी को धारा 302 भादवि के अंतर्गत दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास तथा अर्थदंड अदा न करने की स्थिति में 6 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतने का आदेश दिया। यह फैसला घरेलू हिंसा और महिला अपराधों के मामलों में न्यायिक सख्ती और न्याय की स्पष्ट मिसाल के रूप में देखा जा रहा है।

# रेल विकास को लेकर पटना में गरजी सिंगरौली की आवाज

## पूर्व मध्य रेल उपयोगकर्ता समिति की बैठक में विधायक रामनिवास शाह ने रखे 21 अहम प्रस्ताव



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 जनवरी। पूर्व मध्य रेल क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की द्वितीय बैठक बिहार प्रांत की राजधानी पटना स्थित दरबार हॉल, होटल चाणक्य में आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह ने भाग लेकर जिले के रेल विकास से जुड़े 21 अहम बिंदुओं को मजबूती के साथ समिति के समक्ष रखा।**

बैठक के दौरान विधायक रामनिवास शाह ने सिंगरौली को रेल मंडल बनाए जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व रेल मंत्री स्व. रामविलास पासवान द्वारा सिंगरौली में रेल मंडल कार्यालय के लिए शिलान्यास किया गया था, जिसे अब मूर्त रूप देने की आवश्यकता है। विधायक ने कहा कि सिंगरौली ऊर्जा उत्पादन के साथ-साथ औद्योगिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र है, इसलिए यहां रेल अधोसंरचना का विस्तार अनिवार्य है। इसके अतिरिक्त सिंगरौली रेलवे कॉलोनी में सामुदायिक भवन एवं सड़क निर्माण, आवासीय कॉलोनी व शौचालयों की मरम्मत जैसे नागरिक सुविधाओं से जुड़े प्रस्ताव भी समिति के समक्ष रखे गए।

### वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने का दिया प्रस्ताव

विधायक ने सिंगरौली-भोपाल, सिंगरौली-निजामुद्दीन, सिंगरौली-टनकपुर, हावड़ा-भोपाल तथा धनबाद-लोकमान्य टर्मिनल ट्रेनों को नियमित करने एवं कुछ ट्रेनों के सिंगरौली तक विस्तार की मांग रखी। साथ ही पटना-भोपाल राजधानी एक्सप्रेस को सिंगरौली-जबलपुर मार्ग से प्रतिदिन चलाने, सिंगरौली-जबलपुर-भोपाल के लिए नई वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू करने का सुझाव दिया। उन्होंने कटनी-चोपन पैसेंजर ट्रेन को पुन: संचालित करने, चोपन-रांची एक्सप्रेस का सिंगरौली तक विस्तार, महदेइया रेलवे स्टेशन पर ठहराव, डिब्बों की नियमित साफ-सफाई तथा सिंगरौली-भोपाल व निजामुद्दीन ट्रेनों की रेक को एलएचबी कोच में परिवर्तित करने की मांग भी रखी। गाड़ी संख्या 13349 सिंगरौली-पटना लिंक एक्सप्रेस के समय को शाम 6:15 बजे करने पर भी जोर दिया गया।

# दलहन व तिलहन को बढ़ावा देने किसानो को करें जागरूक : गौरव

## कलेक्टर की अध्यक्षता में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक आयोजित



**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 जनवरी। कलेक्टर गौरव बैनल के अध्यक्षता में वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।**

बैठक के प्रारंभ में वरिष्ट कृषि वैज्ञानिक डॉ. जय सिंह द्वारा जिले में खरीफ एवं रबि फसलो के क्षेत्रफल एवं उत्पादकता, मत्स्योत्पादन के साथ-साथ किसानो को दिए जाने वाले पौध संरक्षण एवं पशु प्रबंधन प्रशिक्षण के संबंध में विस्तार से अवगत कराया गया। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिले की भौगोलिक स्थिति सभी प्रकार के फसल एवं सब्जियों के उत्पादन के लिए अनुकूल है उन्होंने निर्देशित किया कि इस वर्ष की कार्य योजना में दलहन,तिलहन तथा सब्जी उत्पादन के साथ-साथ दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए जिले के किसानो को जागरूक करें। बैठक में जिपं सीईओ जगदीश गोमे सहित अन्य जिलाधिकारी मौजूद रहे।




# सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**अनपरा 22 जनवरी।** हिण्डालको रेनुसागर के यूनिट हेड आरपी सिंह के निर्देशन में सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत आवासीय परिसर स्थित आदित्य बिड़ला इंटरमीडिएट कॉलेज, रेणुसागर के प्रांगण से सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली को मुख्य अतिथि संचालन विभाग के हेड मनीष जैन एवं रोड एंड ड्राइविंग सेफ्टी टास्क फोर्स के अध्यक्ष ललित खुराना ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# खुद बीमार है देवसर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, महिला चिकित्सकों का टोटा

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर कांग्रेस पार्टी के पिछड़ा वर्ग ने सौंपा ज्ञापन



**नवभारत न्यूज**

**देवसर, 22 जनवरी। देवसर शासकीय अस्पताल में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं और आवश्यक चिकित्सीय संसाधनों की गंभीर कमी को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग, सिंगरौली के अध्यक्ष सुदामा प्रसाद कुशवाहा एवं संगठन मंत्री अधिवक्ता उसैद हसन सिद्दीकी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।**

ज्ञापन में बताया गया कि देवसर एवं आसपास की अनेक पंचायतों की बड़ी आबादी के लिए यह अस्पताल एकमात्र शासकीय स्वास्थ्य केंद्र है, लेकिन यहां न सोनोग्राफी है और न ही आवश्यक जांच उपकरण। सबसे गंभीर स्थिति यह है कि अस्पताल में कोई स्थायी स्त्री रोग विशेषज्ञ पदस्थ नहीं है, जिससे प्रसव और महिला रोगों से जुड़े मामलों में गंभीर खतरा बना रहता है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि सामान्य चोट या बीमारी के मामलों में भी मरीजों को ट्रॉमा सेंटर या रीवा जैसे दूरस्थ अस्पतालों में रेफर कर दिया जाता है। इससे मरीजों का समय और पैसा तो खर्च होता ही है, कई बार जान का जोखिम भी बढ़ जाता है। इसके अलावा कई बार ड्यूटी समय पर डॉक्टरों की अनुपस्थिति, शाम और रात में आपात सेवाओं का ठप रहना तथा आईसीयू जैसी आवश्यक सुविधाओं का अभाव भी सामने आया है। उक्त अवसर पर पूर्व जिपं अध्यक्ष अशोक शाह, मकसूद रजा, गंगा प्रसाद शाह अन्य मौजूद रहे।

# मेन्यू बना मजाक, छात्रावास में बच्चों के हक पर खुली लूट

## जांच के नाम पर खानापूर्ति, आदिवासी बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली, 22 जनवरी। जनपद पंचायत देवसर की सरई तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत महुआगांव में संचालित शास. जनजातीय जूनियर छात्रावास एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में है। यहां शासन द्वारा जारी मेनू केवल कागजों तक सीमित रह गया है, जबकि बच्चों के नाश्ता और भोजन में खुलेआम कटौती कर दिनदहाड़े डकैती की जा रही है।**

छात्रावास में अध्ययनरत विद्यार्थियों ने आरोप लगाया है कि अधीक्षक द्वारा नियमित रूप से निर्धारित मेनू का पालन नहीं किया जा रहा। सुबह के नाश्ते में बच्चों को सिर्फ चाय और बिस्कुट देकर खानापूर्ति की जाती है, जबकि शासन के मेनू में चना, पोहा, ब्रेड-चाय, मूंगफली, लाई-चना, भूना चना जैसे पौष्टिक विकल्प तय हैं। शाम के नाश्ते की स्थिति भी इससे अलग नहीं है, जो सिर्फ कागजों में दिखाया जा रहा है। वहीं छात्रों का कहना है कि भोजन की हालत और भी बदतर है। प्रतिदिन पतली दाल, आलू की सब्जी, चावल और रोटी परोस दी जाती है। मेनू में शामिल विशेष भोजन जैसे खीर, पूड़ी, सेवई, पापड़, अचार जो माह में एक बार दिया जाना चाहिए, वह केवल फाइलों में ही दर्ज है। भोजन की मात्रा और गुणवत्ता दोनों ही मानकों से बेहद कम बताई जा रही है। साथ ही छात्रावास में 50 सीटें स्वीकृत हैं, जिनमें वर्तमान में 40 से 45 छात्र रह रहे हैं। इसके बावजूद आरोप है कि पूरे भोजन का फर्जी रिकॉर्ड बनाकर बिल तैयार किए जा रहे हैं और राशि आहरित की जा रही है।

# कंजी गांव में सखी हरियाली यात्रा आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**सिंगरौली 22 जनवरी।** म.प्र. जन अभियान परिषद द्वारा सेक्टर खुटार के ग्राम पंचायत कंजी में आदर्श ग्राम के संस्कार केंद्र गतिविधियों का क्रियान्वयन,वृक्षारोपण,जलसंचय, शिक्षा, स्वास्थ्य, नशा मुक्ति, ऊर्जा संरक्षण एवं नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन हुआ। इस अवसर पर प्रमुख अतिथि के रूप में डॉ. आरडी पाण्डेय अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, विशिष्ट अतिथि लखपती सिंह कोषाध्यक्ष भारत स्वभिमान न्यास एवं अध्यक्षता रिटायर्ड लेक्चरर शारदा प्रसाद त्रिपाठी शामिल हुए। कार्यक्रम में पंचायत के सरपंच/सचिव, सहायक सचिव परामर्शदाता सुरेखा गुप्ता, एवं भारी तादाद में नवांकुर सखी एवं ग्रामीण जन मौजूद रहे।

# सरई बाजार के अतिक्रमण पर चला बुलडोजर, जगह-जगह हुई तीखी नोंक-झोंक

## सरई नगर परिषद प्रशासन की संयुक्त कार्रवाई, अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत,मचा हड़कंप, आमजन खुश



**नवभारत न्यूज**

**सरई, 22 जनवरी। जिले के सरई बाजार में लंबे समय से चली आ रही यातायात जाम की गंभीर समस्या से आमजन को राहत दिलाने के उद्देश्य से नगर परिषद सरई ने आज दिन गुरुवार को नायब तहसीलदार देवकरन सिंह, नगर परिषद सीएमओ सुरेंद्र सिंह उईके, थाना प्रभारी सरई, उनि सूरज सिंह की अगुवाई में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।**

नगर परिषद द्वारा यह कार्रवाई क्षेत्रवासियों की लगातार उठ रही मांगों और बाजार में बढ़ती अव्यवस्था को देखते हुए की गई, जिसे लोगों ने सराहनीय पहल बताया। जानकारी के अनुसार करीब 15 दिवस पूर्व नगर परिषद अमले द्वारा सरई बाजार में दुकानों के लिए चूना लगाकर सीमांकन किया गया था और स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि सभी व्यापारी निर्धारित सीमा के भीतर ही अपनी दुकानें लगाएं। बावजूद इसके ज्यादा व्यापारियों ने निर्देशों की अनदेखी करते हुए सड़क पर अतिक्रमण बनाए रखा। बुधवार को एसडीओपी देवसर , नगर परिषद सरई एवं प्रभारी थाना प्रभारी द्वारा संयुक्त रूप से अतिक्रमणकारियों को अंतिम चेतावनी दी गई थी। चेतावनी के बावजूद अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर आज दिन गुरुवार को नगर परिषद ने जेसीबी मशीन की मदद से सख्त कार्रवाई करते हुए अवैध कब्जों को हटवाया। इस दौरान कुछ लोग प्रशासन से गुहार लगाते नजर आए, कार्रवाई के तहत बस चालकों को निर्देशित किया कि वे बसों को केवल निर्धारित बस स्टैंड में ही खड़ा करें। आटो चालकों को तय स्थान पर ही खड़ी करने के लिए बोला गया। वहीं सब्जी विक्रेताओं को नगर परिषद द्वारा निर्मित सब्जी मंडी में स्थानांतरित कराया गया। अतिक्रमण हटने के बाद सरई बाजार में सड़क चौड़ीकरण स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है और यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस अभियान से जाम की समस्या काफी हद तक कम हुई है और यदि प्रशासन इसी तरह सख्ती बनाए रखे, तो सरई बाजार में यातायात व्यवस्था स्थायी रूप से सुचारु हो सकेगी। इस मौके पर नायब तहसीलदार देवकरन सिंह, नगर परिषद सीएमओ सुरेंद्र सिंह उईके, थाना प्रभारी सरई, उनि सूरज सिंह, सउनि गुलराज सिंह, प्रआर, रामनरेश प्रजापति सहित अन्य अमला मौजूद रहा।

**कार्यालय कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चितरंगी जिला-सिंगरौली ( म.प्र. )**

क्र./112/बालिका शिक्षा/2026 चितरंगी, दिनांक 22/01/2026

सत्र 2026-27 हेतु कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय चितरंगी के लिये आवश्यक सामग्री एवं सामान्य सामग्री प्रदाय हेतु निविदा

**संदर्भ:-** समीक्षा बैठक दिनांक 16.01.2026 में दिये गये निर्देश।

विषयान्तर्गत संदर्भित बैठक में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के निर्देशानुसार भण्डार क्रय नियम के पालन हेतु शाला प्रबंधन समिति के अनुमोदन दिनांक 22.01.2026 के उपरांत छात्रावास में बालिकाओं के उपयोग हेतु आवश्यक सामग्री एवं खाद्यान्य सामग्री के दर प्रदाय हेतु निविदा का प्रकाशन किया जाता है। आवश्यक सामग्रियों की सूची कार्यालयीन समय में छात्रावास से प्राप्त की जा सकती है। उपरोक्तानुसार सत्र 2026-27 से छात्रावास में सामग्री उपलब्ध कराये जाने हेतु इच्छुक फर्म प्रदाय सामग्री एवं दर का विवरण दिनांक 12.02.2026 तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकते हैं। प्राप्त निविदा निविदाकारो के समक्ष दिनांक 13.02.2026 को शाला प्रबंधन समिति के समक्ष खोली जावेगी। किसी भी प्रकार की विवाद के स्थिति में शाला प्रबंधन समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्य होगा।

**वार्डन, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय**
**चितरंगी, जिला-सिंगरौली ( म.प्र. )**

CMYK